ईद की झलकियां

मोरना में ईद की नमाज अदा करते बच्चे और पीछे बैठे नमाजी। संवाद

चरथावल में ईदगाह पर आकर्षक पोशाक में नमाज में पहुंचे बच्चे। संवाद

पुरकाजी में डॉ. आदित्य कुमार बल्लभ के आवास पर ईद मिलन कार्यक्रम में मौजूद पूर्व गृहराज्य मंत्री सईदुज्जमा व अन्य लोग। संवाद

खतौली ईदगाह में नमाज के बाद दुआएं मांगते मुस्लिम समाज के लोग। संवाद

नगर में ईदगाह पर लोगों को ईद की मुबारकबाद देते सांसद हरेंद्र मलिक। संवाद

ईद पर मांगी संघर्ष विराम की दुआ...बांधी काली पट्टी

शामली रोड स्थित ईदगाह पर सुबह आठ बजे पढ़ी नमाज, शहर से लेकर देहात क्षेत्र तक त्योहार की रौनक

अमर उजाला ब्यूरो

मुजफ्फरनगर। ईद पर खुशियां छाई रहीं। अकीदतमंदों ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष विराम के लिए दुआ की। शहर काजी तनवीर आलम ने कहा कि अमन और भाईचारे से बड़ी कोई चीज नहीं। कई जगह शिया समाज के लोगों ने काली पट्टी भी बांधी। जिलेभर में पुलिस की कड़ी चौकसी रही।

शामली रोड स्थित ईदगाह पर सुबह सात बजे से ही अकीदतमंदों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। शहर काजी तनवीर आलम ने तकरीर में कहा कि जंग किसी समस्या का समाधान नहीं है। भाईचारा सबसे बड़ी चीज है। समाज और राष्ट्र सौहार्दपूर्ण रास्ते से ही उन्नति कर सकते हैं। इसके बाद मुफ्ती अली हसन ने नमाज पढ़ाई।

नमाजियों पर की पुष्प वर्षा, भाईचारे का संदेश

मुजफ्फरनगर/छपार। ईद उल फितर पर वाल्मीकि समाज ने आबकारी रोड स्थित जगत गुरु वाल्मीकि धाम के पास नमाज अदा कर लौट रहे मुस्लिम समाज के लोगों पर पुष्प वर्षा की। वाल्मीकि क्रांति दल के अध्यक्ष दीपक गंभीर ने इसे दलित-मुस्लिम एकता की नई मिसाल बताया। इस अवसर पर भाकपा के प्रदेश अध्यक्ष सन्नी सिलेलान, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सील और वाल्मीकि क्रांति दल के महासचिव मोनू सरवट मौजूद रहे। उधर, छपार में प्रधान मनोज त्यागी व बरला में विनय रतन राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम आर्मी ने नमाजियों पर पुष्प वर्षा की। संवाद

ईदगाह पर सपा सांसद हरेंद्र मलिक, डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय वर्मा समेत अन्य गणमान्य लोग पहुंचे।

मुजफ्फरनगर में ईदगाह पर नमाज पढ़ने के लिए पहुंचे लोग। संवाद

बारहवीं पुण्यतिथि

21 मार्च 2026

श्रीमती कृष्णा सिंघल

धर्मपत्नी स्व.श्री ए.एस.सिंघल

"जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च। तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि"

"जिसका जन्म निश्चित है उसकी मृत्यु भी निश्चित है, और जो मर गया है उसका जन्म निश्चित है, इसलिए जो अपरिहार्य है, उसके लिए तुम्हें शोक नहीं करना चाहिए"

सादर एवं मधुर स्मृति सहित

अनन्त–वत्सला (पुत्र–पुत्रवधु), अनूप सिंघल (पुत्र) गुंजन पत्नी स्व.अजित (पुत्रवधु)
अनकूल, अनिरूद्ध, अंशुमान, अनुरूप (पौत्र)
अंजिनी, अपर्णा, आकांक्षा (पौत्री), शाश्वत, कुषाग्र, अनन्य (प्रपौत्र)

मिडलैण्ड ट्रेडिंग कम्पनी, मेरठ

आनन्द भवन, नई प्रेमपुरी, रेलवे रोड, मेरठ शहर

फोन : 09837176043, 09582843404

देहात में छाई रही ईद की खुशियां

चरथावल/मोरना/शाहपुर/मंसूरपुर। कस्बे में ईदगाह पर मौलाना फैसल काजमी ने नमाज अदा कराई। चौकड़ा मार्ग पर ईदगाह, मुबरा रोड पर नंगला राई ईदगाह, दधेड़ू कलां, कुटेसरा, लुहारी खुर्द आदि ईदगाह पर खुशनुमा माहौल में नमाज संपन्न हुई। भोकरहेड़ी स्थित ईदगाह में मौलाना फरमान, मदरसा कासिमुल उलूम तेवड़ा के प्रबंधक मुफ्ती बिन यामीन ने नमाज पढ़ाई। शाहपुर में रालोद विधान मंडल दल के नेता राजपाल बालियान, जिला बार संघ के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने भी अकीदमंदों को मुबारकबाद दी।

■ **खतौली, बुढ़ाना और जानसठ में खुशियां :** खतौली/बुढ़ाना/जानसठ/। खतौली ईदगाह में मौलाना मोहम्मद शाकिर ने तकरीर की। ईदगाह के अलावा नगर की 19 मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। सपा कार्यकर्ताओं ने भी नमाजियों पर पुष्प वर्षा की। जानसठ में स्थित ईदगाह में मौलाना लुकमान मजाहिरी ने ईद की नमाज अदा कराई गई।

■ **पुरकाजी में ईद मिलन की रही धूम :** पुरकाजी। ईदगाह पर नमाज अदा कराने से पूर्व शहर काजी मुईनमलिक अहमद ने लोगों से गरीब मजलूम लोगों की मदद करने की अपील की। इस मौके पर पूर्व गृह राज्यमंत्री सईदुजमा, पुरकाजी चेयरमैन जहीर फारूकी, पूर्व चेयरमैन मियां नसीम, सलमान सईद, बशारत खान, चुन्नू मियां मौजूद रहे।

उधर, भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने पुरकाजी चेयरमैन जहीर फारूकी के आवास पर पहुंचे। दौराला शुगर मिल के डीजीएम कस्बा निवासी डॉ.आदित्य कुमार ने अकीदतमंदों का स्वागत किया।

ईदगाह पर नमाज पढ़ने के बाद गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते दो बालक। स्रोत : वीडियो

गांव सैदपुरकलां में काली पट्टी बांधकर नमाज अदा करते लोग। स्रोत : ग्रामीण

काली पट्टी बांधकर अदा की नमाज

चरथावल। सैदपुर कलां में शिया समाज के लोगों ने ईरान पर हमले को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने हाथों पर काली पट्टी बांधकर अमन की दुआ की और अली खामनेई को सलाम पेश किया। संवाद

पुरकाजी में चेयरमैन जहीर फारूकी के आवास पर ईद की शुभकामनाएं देने पहुंचे भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत। स्रोत : चेयरमैन

Medical Helpline

नीम हकीमों / लालची डाक्टरों / ऑनलाइन ठगों के मिलावटी इलाजों से
तुरन्त असर वाली गोलियों व कैप्सूलों के ज्यादा इस्तेमाल से

जोश ताकत खो चुके हैं ?

निराश ना हों पूर्ण आयुर्वेदिक इलाज से जोश-ताकत फिर से पाएं

श्रीराम औषधालय

मेरठ मॉल, निकट मेट्रो प्लाजा, दिल्ली रोड, मेरठ | 9675335454, 9837111895

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! | punjab national bank ...the name you can BANK upon!

नीलामी सूचना
E-Auction **के आधार पर**

परिसंपत्ति पुनर्प्राप्ति प्रबंधन, पीएनबी भवन सी 01 वेद्व व्यास पुरी, दिल्ली बाईपास रोड, मेरठ– 250002, ई–मेलः cs8278@pnb.bank.in

ई-नीलामी विक्रय सूचना सिक्योरिटाइजेशन एवं पुनर्निर्माण वित्तीय आस्तियों तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित।

इसके द्वारा सामान्य जनसाधारण को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पक्ष में बंधक/चार्ज की गई है तथा जिसकी निर्मित/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा बैंक/सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को ''जहाँ है जैसे है'', ''जो है जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी है'' के आधार पर विक्रय किया जाएगा। यह विक्रय संबंधित उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) से बैंक/सुरक्षित ऋणदाता के बकाया देयकों की वसूली हेतु किया जा रहा है। संबंधित संपत्तियों के लिए आरक्षित मूल्य तथा अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट का विवरण नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है।

क्र0 सं0	शाखा/खाता/ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण दृष्टिबंधक/प्रभार/बंधक/मालिक का नाम (संपत्ति के बंधककर्ता)	(ए) सरफेसी एक्ट के मांग नोटिस 13(2) की तिथि (बी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धार 13 (2) के तहत मांग सूचना (सी) दिनांक 28.02.2026 तक शेष राशि (डी) सरफेसी एक्ट के मांग नोटिस 13(4) की तिथि (ई) कब्जे के प्रकार प्रतीकात्मक/भौतिक/सांकेतिक	(ए) रिर्जव मूल्य (लाख में) (बी) ईएमडी मूल्य एवं जमा करने तिथि एवं समय (सी) बोली वृद्धि राशि	ई–नीलामी की तिथि/दिनांक / सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि	बैंक को ज्ञात लेनदारों के प्रभार का विवरण
1	शाखाः कोर्ट रोड, मुजफ्फरनगर (182100) 1. मैसर्स अनुराग ट्रेडिंग (प्रोपराइटर- अनुराग त्यागी), पताः मकान संख्या 4, केवलपुरी, सदर, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश- 251002, मो0 नं0 9639969169, 2. श्री अनुराग त्यागी पुत्र श्री हरिओम त्यागी (ऋणी/गारन्टर/बंधककर्ता), पताः मकान संख्या 4, केवलपुरी, सदर, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश- 251002, मो0 नं0 9639969169, अतिरिक्त पताः मकान संख्या 83/83, नया नंबर 41डी, सेवक आश्रम रोड, मुख्य राजपुर रोड से 300 मीटर, देहरादून- 248001, 3. श्रीमती अवि त्यागी, पत्नी श्री अनुराग त्यागी (गारन्टर), पताः मकान संख्या 4, केवलपुरी, सदर, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश- 251002, मो0 नं0 7055777840	बंधक व्यावसायिक संपत्ति संख्या 83/83 (नया नंबर 41 डी), सेवक आश्रम रोड, नगर निगम क्षेत्र देहरादून सम्पत्ति स्वामी श्री अनुराग त्यागी पुत्र श्री हरिओम त्यागी, माप क्षेत्रफल 115.29 वर्ग मीटर, उप पंजीयक देहरादून के कार्यालय, बही नंबर 1, जिला संख्या 8304, पृष्ठ संख्या 273 से 298 तक, पंजीकरण क्रमांक 1249 दिनांक 10.03.2023 पर पंजीकृत है। सीमाएँः पूर्वः श्री रावत एवं अन्य की संपत्ति, पश्चिमः 20 फीट चौड़ी सड़क, उत्तरः श्री शम्मी मोहन की संपत्ति, दक्षिणः श्री ओमकार सिंह त्यागी की संपत्ति।	(ए) 03.11.2025 (बी) रू0 88,31,361.82 + प्रभावी ब्याज दिनांक 31.10.2025 एवं अन्य खर्चें यदि कोई हो (सी) रू0 89,34,864.63 + ब्याज दिनांक 28.02.2026 + कानूनी एवं अन्य खर्चें (डी) 19.01.2026 (ई) सांकेतिक कब्जा	रू0 90.00 लाख / रू0 9.00 लाख 27.04.2026 04.00 बजे तक / रू0 0.90 लाख	28.04.2026 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक / 27.04.2026	ज्ञात नहीं

विक्रय सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) नियम, 2002 में निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन होगा तथा इसके अतिरिक्त निम्नलिखित शर्तें भी लागू होंगीः-
1. संपत्तियों का विक्रय ''जहाँ है जैसे है'', ''जो है जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जाएगा।
2. उपरोक्त अनुसूची में उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, तथापि इस घोषणा में किसी भी प्रकार की त्रुटि, गलत विवरण अथवा चूक के लिए प्राधिंत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होगा।
3. विक्रय, अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी मंच के माध्यम से www.pnbindia.in एवं https://baanknet.in वेबसाइट पर दिनांक 28.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक किया जाएगा।
4. ई-नीलामी में भाग लेने हेतु बोलीदाता को आरक्षित मूल्य से कम से कम एक बोली अधिक लगाना अनिवार्य होगा।
5. विक्रय की विस्तृत शर्तों एवं नियमों के लिए कृपया www.pnbindia.in एवं https://baanknet.com वेबसाइट देखें।

हस्ताक्षरित-
श्री नवीन प्रकाश (मोबाइल नंबरः 7060208081)
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक

दिनांकः 21.03.2026 | स्थान – मेरठ | प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति लेनदार